Regarding need to tackle cyber crimes

श्री विवेक नारायण शेजवलकर (ग्वालियर): भारत के डिजिटल भुगतान परिदृश्य में पिछले पांच वर्षों में अभूतपूर्व वृद्धि देखी गई है । भारत का डिजिटल भुगतान बाजार एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है और जनमानस का डिजिटल भुगतान के प्रति बढता रूझान प्रसन्नता की बात है । इसके लिये सरकार द्वारा किये जा रहे प्रयास सराहनीय एवं प्रशंसनीय है । संचार प्रौद्योगिकी के समय में अधिकांश नागरिक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इंटरनेट के माध्यम से जुड़े हुये है, फिर चाहे ऑनलाइन खरीदारी हो या पैसे ट्रांसफर करने कि कोई एप्लीकेशन । जैसे-जैसे संचार के साधन बढ़ रहे हैं, वैसे ही लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी में इंटरनेट से चलने वाले ऐप प्राथमिकता से उपयोग में लिए जा रहे हैं, लेकिन साइबर क्राइम का बढता ग्राफ चिंता की बात है । ऑनलाइन ठगी का शिकार हो रहे लोग पुलिस की जटिल प्रकिया के चलते रिपोर्ट ही दर्ज नहीं कराते हैं और जो बहुत कम लोग रिपोर्ट दर्ज कराते भी हैं तो उनके निपटाने की प्रकिया बहुत ही धीमी हैं । ग्राहकों को ठगी से बचाने के लिए समाज में साइबर धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता पैदा करने के साथ-साथ कठोर कानून बनाये जाने की भी आवश्यकता है ।